लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान डकार गए मिलर

16 मिलर ने कहां खपा दी 33 करोड़ की धान

नवभारत,जबलपुर। धान अफरा तफरी मामले में जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार की रात कार्यवाही करते हुए अधिकारी-कर्मचारी सहित कई मिलर्स पर एफआईआर दर्ज की है। गौरतलब है कि 16 मिलर ही 33 करोड रुपए की लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान डकार गए हैं। इतनी बड़ी मात्रा में मिलर ने धान को कहां खपाया है या बेचा है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि जांच दल द्वारा जांच करके कुल 2,45,400 क्विंटल धान का प्रतिवेदन सौंपा गया था। जिसमें पाया गया कि 1,87,026 क्विंटल धान को परिवहन करके अफरातफरी कर दी गई है। जिसमें जिले के 46 राइस मिलर

में से 43 को दोषी पाया गया है। जिसमें से 16 ऐसे मिलर हैं, जिन्होंने एक करोड़ से ज्यादा की धान खपाई है। जांच प्रतिवेदन में पाया गया है कि जिन 16 मिलर पर एफआईआर दर्ज हुई है, उन्होंने 1,46,982 क्विंटल धान खपाई है, जिसका मूल्य 33 करोड़ 81 लाख रुपए है। देखा जाए तो लगभग एक मिलर ने 2 करोड़ रुपए की धान अफरा तफरी की है।

27 मिलर ने किया 34- 34 लाख का घोटाला

27 ऐसे मिलर है जिन्होंने 1 करोड़ से कम की धान खपाई है। जिन 27 मिलर पर विभागीय जांच सौंपी गई है, उस धान की मात्रा 40,044 क्विंटल है जिसका मूल्य 9 करोड़ 21 लख रुपए है। जिसमें देखा जाए तो एक मिलर ने लगभग 34 लाख रुपए का घोटाला किया है। लेकिन जिला प्रशासन ने इन मिलर पर विभागीय जांच थोप कर खानापूर्ति पूर्ति कर दी है।

जांच में हुआ फर्जीवाड़ा उजागर

प्रशासनिक जांच में 43 राइस मिल में अनियमितता पाई गई। उक्त राइस मिलर द्वारा मिलिंग के लिए सोसाइटी, उपार्जन केंद्र और वेयर हाउस से लगभग 11,09,600 क्विटल धान का उठाव ट्रकों के माध्यम से किया गया। उक्त ट्रक के रजिस्ट्रेशन नंबर धान चालान में दर्ज किए जाते हैं। जांच प्रतिवेदन के अनुसार धान चालान में दर्ज ट्रकों के रजिस्ट्रेशन नंबर की जांच करने पर पाया गया कि धान चालान में उल्लेखित 23 वाहन ट्रक ना होकर कार अथवा अन्य श्रेणी के वाहनों के रूप में रजिस्टर्ड है। इन वाहन की 81 ट्रिप से लगभग 19490 क्विटल धान का फर्जी परिवहन दर्शाया गया है। 55 वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी फर्जी हैं। इन वाहन की 258 ट्रिप से लगभग 72720 क्विटल धान का फर्जी परिवहन दर्शाया गया है। 165 वाहन से कथित परिवहित मात्रा उनकी लोडिंग क्षमता से बहुत ज़्यादा है। इन वाहन की 694 ट्रिप से लगभग 153200 फ्रिंटल धान का फर्जी परिवहन दर्शाया गया है। इस प्रकार कुल 1033 वाहन ट्रिप से कुल लगभग 2,45,400 फ्रिंटल धान का फर्जी परिवहन दर्शाया गया है। फर्जी परिवहन किया जाना दर्शाए गए उक्त धान का मूल्य, समर्थन मूल्य रूपये 2300 प्रति क्लिंटल के मान से लगभग 56.44 करोड़ रुपये होता है। इस प्रकार जांच दल द्वारा लगभग 2,45,400 क्विटल धान (मूल्य 56.44 करोड़ रुपये) की राइस मिलर्स द्वारा अफरातफरी की गई।

शंख, घंटा- मंजीरा बजाकर जिम्मेदारों को याद दिलाया वादा

भाजपा संभागीय कार्यालय के बाहर शिवराज-स्मृति कौन हैं के लगाए पोस्टर

सिहोरा को जिला बनाने लामबंद रहवासी

नवभारत,जबलपुर। चुनावों में अक्सर देखा गया है कि नेता, विधायक बड़े-बड़े वादे करते हैं और फिर जनता के साथ छल करके चुनाव जीत लेते हैं लेकिन बाद में ये वादे धरे की धरे रह जाते हैं और जनता के पास सिर्फ प्रदर्शन करने के अलावा कुछ नहीं बचा होता है। लेकिन इसी बीच सरकार बनने के बाद नेताओं के कितनों वादों पर अमल हुआ इसका भी हिसाब जनता रखती है । जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण शुक्रवार को उस वक्त सामने आया जब सिहोरा से करीब 35 किलोमीटर की पदयात्रा करके जबलपुर पहुंचे सिहोरा के रहवासियों ने रानीताल स्थित भाजपा के संभागीय कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया । इस दौरान सिहोरा के रहवासियों ने हाथों में घंटे, मंजीरा व शंख बजाकर कहा कि सत्ता में भाजपा बैठी हुई है, भाजपा के ही पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और सिहोरा विधानसभा से विधायक संतोष बरकड़े ने सिहोरा को जिला बनाने कई वादे किए थे जो अभी भी अधूरे पड़े हैं। इसलिए शुक्रवार को उनके द्वारा भाजपा के संभागीय कार्यालय के बाहर शिवराज सिंह कौन है, स्मृति ईरानी कौन है, संतोष बरकड़े कौन हैं के पोस्टर लगाए गए और जिम्मेदारों को याद दिलाया गया कि उन्होनें जनता से चुनाव के वक्त क्या वादे किए थे। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि हमारे इस प्रदर्शन से शायद सरकार जाग जाए और सिहोरा को जिला जल्द से जल्द बना दे। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने सिहोरा के रहवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग और बातों को राजधानी तक पहुंचाया जाएगा। तब कहीं ताकर प्रदर्शन शांत हुआ।

दिग्विजय, उमा , बाबूलाल गौर शिवराज सिंह सभी ने तोड़ा वादा

सिहोरा निवासी अनिल जैन ने नवभारत को बताया कि वर्ष 2003 से ग्रामीणों द्वारा सिहोरा को जिला बनाने की मांग की जा रही है। सन् 2003 में पूर्व मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी, जिसके बाद प्रक्रिया भी शुरू हो गई, लेकिन आज तक जिला के रूप में क्रियान्वयन नहीं हो पाया। वहीं विधायक संतोष बरकड़े बरकड़े को भी विधायक बने दो साल से अधिक का समय बीत गया है, और उनका वादा भी झूठा साबित हुआ।

वेल्डिंग सेंटर में जोरदार धमाके के साथ फटा गैस सिलेंडर

सदर मेन रोड में हादसा भागकर लोगों ने बचाई जान

नवभारत,जबलपुर। सदर मेन रोड स्थित स्माइल बेल्डिंग सेंटर में शुक्रवार दोपहर को उस वक्त हड़कंप मच गया जब जोरदार धमाके के साथ गैस सिलेंडर फट गया। हालांकि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है लेकिन जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास मौजूद सभी लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार सदर मेन रोड स्थित स्माइल बेल्डिंग सेंटर में धमाके के बाद सफेद रंग का कैमिकल फैला हुआ देखा गया साथ ही वेल्डिंग सेंटर की छत में लगा टीन शेड क्षतिग्रस्त हो चुका था। गनीमत रही कि टीन शेड होने के कारण बिल्डिंग को कोई क्षति नहीं पहुंची नहीं तो अगर छत क्रांकीट की होती और मौके पर दुकान के कर्मी होते तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

दुकान के अंदर नहीं था कोई मौजूद

प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि जिस समय वेल्डिंग सेंटर में धमाका हुआ उस वक्त दुकान के बाहर कुछ लोग मौजूद थे जो अपनी गाड़ियों में वेल्डिंग कराने आए थे। वहीं वेल्डिंग दुकान के भीतर कोई भी मौजूद नहीं था सभी बाहर थे। बताया जा रहा है कि वेल्डिंग करने वाले सिलेंडर में दवाब अधिक पड़ा जिस कारण ये धमाका हुआ है। विदित हो कि कुछ समय पहले तिलवारा के पास स्थित एक वेल्डिंग दुकान में धमाका हुआ था जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

टिकट चैकिंग से 15 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के जून 2025 में कुल 2 लाख 14 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 15 करोड़ 93 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष वसूला गया जुर्माना 13 करोड़ 14 लाख रूपये की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 15 करोड़ 81 लाख को भी पार किया है। अप्रैल 2025 में कुल 1 लाख 48 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 10 करोड़ 30 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया। मई 2025 में कुल 1 लाख 96 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 14 करोड़ 49 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया।

जांच में मिला गड़बड़झाला, अनियमितताएं, लायसेंस होगा निरस्त

हिस्ट्रीशीटर रज्जाक के फरार भतीजे के सुप्रा डायग्नॉस्टिक सेंटर पर छापा

जबलपुर। भोपाल जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक की गैंग पर पुलिस ने प्रहार करते हुए उसके बेटे, भाई, भतीजे और एक अन्य को गिरफ्तार किया है जिन्हें रिमांड में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही हैं पूछताछ में मिले अहम जानकारियों के आधार पर ओमती थाने में दर्ज प्रकरण में फरार चल रहे रज्जाक के भतीजे शहवाज खान के गोलबाजार स्थित सुप्रा डायग्नॉस्टिक सेंटर में पुलिस ,प्रशासनिक, अमले के साथ स्वास्थ्य विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा छापेमारी की गई। जिसमें भारी गड़बड़ियां मिली। भवन की आपातकालीन निकासी व्यवस्थाओं एवं अग्निशमन स्थापनाओं का जायजा लिया जिसमें अग्निशमन स्थापनाओं में भी अनियमितता मिली। फायर

एंड लाइफ सेफ्टी अंतर्गत अग्नि सुरक्षा के लिए निर्धारित आवश्यक मापदंड का उल्लंघन पाया है। अनियमितताएं एवं विधिक उल्लंघन पाए गए। जिसमें पंजीकृत विशेषज्ञों की उपस्थित, अनाधिकृत प्रयोगशाला का संचालन, प्रदूषण नियंत्रण एवं बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन का अभाव, मशीनों का अनियमित संचालन, गैर-चिकित्सकीय व्यक्तियों द्वारा संचालन, रेडिएशन सुरक्षा की व्यवस्था का अभाव और त्वचा रोग क्लीनिक का संचालन निरीक्षण समिति के सदस्यों ने पाया। निरीक्षण के दौरान पाई गई उपर्युक्त गंभीर अनियमितताओं, दस्तावेजीय एवं विधिक उल्लंघनों व चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों के प्रतिकूल संचालन को देखते हुए अब सुप्रा डायग्नोस्टिक्स, जबलपुर का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त एवं तत्काल प्रभाव से बंद करने की अनुशंसा की गई है।

महगारों, फरार आरोपियों को लेकर पूछताछ, उगले राज

रिमांड में आरोपियों को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही। इसके साथ ही फरार आरोपियों के संबंध में भी पूछताछ कर जानकारी जुटा रहीं हैं। पकड़े गए आरोपी सालों से फरार थे जिन्हें फरारी कटवाने में मदद करने वालों की भी जानकारी जुटाई गई। पूछताछ में आरोपियों ने कुछ राज भी उगले हैं जिस पर पुलिस की तफ्तीश चल रही हैं। एएसपी आनंद कलादगी का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है कुछ जानकारियां मिली है जिस पर जांच चल रही है आज या कल खुलासा करने के साथ कार्रवाई होगी।

इन्हें लिया गया है रिमांड पर

विदित हो कि ओमती थाने में दर्ज धोखाधड़ी, धमकाने, अवैध हथियार समेत अन्य प्रकरणों में फरार सरफराज पिता अब्दुल रज्जाक 45 वर्ष निवासी रिपटा नया मोहल्ला, मोह. महमूद पिता अब्दुल वहीद 53 वर्ष निवासी रिपटा नया मोहल्ला थाना ओमती को गिरफ्तार किया गया है जबकि सिवनी से ओमती व कटनी स्लिमनाबाद थाने में दर्ज अपराध में अजहर पिता रियाज 26 साल निवासी रिपटा नया मोहल्ला ओमती को पकड़ा गया। इसके अलावा मोह. सज्जाद पिता मोह. अब्बास 25 वर्ष रिपटा नया मोहल्ला ओमती को पकड़ा गया है पुलिस ने सभी को रिमांड में लिया है।

नया मोहल्ला समेत कई ठिकानों पर ले गई पुलिस

ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि आरोपियों को रिमांड में लेकर पूछताछ जारी है उन्होंने कहा फरारी काटी, अपराध करने और फरारी कटवाने में किसने मदद की समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच चल रही है। आरोपियों को मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाने के लिए नया मोहल्ला समेत अन्य ठिकानों पर उन्हें ले जाया गया था।

शर्मसार : एक साल की मासूम से हैवानियत

दरिंदगी सुन कांप उठी रूह, झकझोरा, एफआईआर दर्ज, दरिंदा गिरफ्तार, गया जेल

जबलपुर। बेटियों की सुरक्षा को लेकर तमाम दावे कर लिए जाएं लेकिन बेटियां कहीं सुरक्षित नहीं हैं। एक मासूम के साथ हुई दरिंदगी ने शर्मसार कर दिया हैं। दरअसल घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर में घर के बाहर खेल रही एक साल आठ माह की बच्ची के साथ क्षेत्र में ही रहने वाले युवक ने हवस का शिकार बनाते हुए दरिंदगी कर दी। फूल जैसी मासूम के साथ हुई दरिंदगी की खबर जिसने भी सुनी उन्हें झकझोर दिया उसकी रूह कांप उठीं। हर कोई दरिंदें को का कोसता नजर आया। जिस मासूम के साथ यह घटना हुई उसने मानवता को झकझोरा है। नन्ही जान, जिसे अभी दुनिया देखनी थी, सपने संजोने थे, हंसना, खेलना था लेकिन दरिंदें ने मासूमियत को कुचल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर पॉस्को एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया गया हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कांचघर में रहने वाली एक साल दस माह की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी तभी क्षेत्र में रहने वाला पुष्पराज उर्फ राज खरे पिता शरद खरे 35 वर्षीय का पहुंचा और हवस का शिकार बनाने की नीयत से बच्ची को उठा लिया। इसके बाद बच्ची के साथ दरिंदगी करने लगा बच्ची दर्द से कराह रही थी बच्ची के रोने की आवाज सुनकर मां और मामा घर के बाहर निकले तो देखा कि राज मासूम के साथ हैवानियत कर रहा था जिसे परिजनों ने चिल्लाया तो वे बच्ची को छोड़कर फरार हो गया। बच्ची से जब परिजनों ने पूछता तो वे रोती बिलखती रही। इसके बाद परिजनों को मामला समझने में देर नहीं लगी। परिजन सीधे थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

महिला प्रोफेसर ने हाथ की नस काट की आत्महत्या

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत गंगासागर अम्बर बिहार कालोनी में होम साइंस कॉलेज की 57 वर्षीय प्रोफसर प्रज्ञा ने अपने घर में हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर ली। फर्श पर उनकी लाश खून से लथपथ पड़ी मिली।

पुलिस के मुताबिक रितु खत्री 28 साल निवासी गंगासागर वर्क फैक्टरी के पीछे थाना गढा ने बताया कि वह घरो में खाना बनाने का काम करती है। प्रज्ञा अग्रवाल 57 वर्ष के घर पर सन् 2014 /2015 से काम कर रही है प्रज्ञा अग्रवाल घर पर अकेले रहती है। शुक्रवार सुबह लगभग 07/35 बजे वह रोज की तरह काम करने आयी बाहर का दरवाजा खोलकर आयी अन्दर का दरवाजा लटका हुआ था, दरवाजे को खोलकर अन्दर आकर लाईट जलाई देखी प्रज्ञा अग्रवाल जमीन पर पडी थी हाथ कटा हुआ दिख रहा था पास में घर का सब्जी काटने वाला चाकू पड़ा था। प्रज्ञा अग्रवाल की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की पुष्टि हुई हैं लेकिन मौत के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

इंदौर की कंपनी की जालसाजी : शहर के व्यापार को लगाया 15 लाख का चूना

विश्वासघात : साबुन की 900 पेटी नहीं की डिलेवरी डायरेक्टरों पर एफआईआर

जबलपुर। ट्रांसकेट रिटेल प्राइवेट कंपनी इंदौर ने शहर के वपारी को 15 लाख रूपए का चूना लगा दिया। साबुन की 900 पेटी बुकिंग करते हुए रकम लेने के बाद डिलेवरी नहीं की। माढ़ोताल पुलिस ने विश्वासघात करने वाले कंपनी के दो डायरेक्टरों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली हैं।

पुलिस के मुताबिक आदित्य महेश्वरी की कटंगी बाईपास माढोताल बंग डिस्ट्रीब्यूटर के नाम से फर्म है फर्म में कास्मेटिग (जनरल आइटम) व खाने पीने का सामान का थोक व्यापार का काम है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अतुल पाल डायरेक्टर ट्रांसकेट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इंदौर मप्र को पिछले कई वर्षो से जानता हैं, अतुल पाल के साथ राम साहू भी कंपनी का डायरेक्टर है। 18 अक्टूबर 2024 को ट्रांसकेट कंपनी के डायरेक्टर अतुल पाल एवं राम साहू से मोबाईल नंबर से लाईबाय कंपनी की साबुन 40 रूपए पर एक कीमत वाली साबुन के संबंध में बात हुयी थी बात होने के बाद ट्रांसकेट कंपनी के डायरेक्टर अतुल पाल एवं राम साहू को लाईबाय साबुन के 900 पेटी साबुन की बुकिंग किया था उसी पहली दो किस्त 6 लाख एवं 6,28,500 रूपए एवं दूसरी किस्त 19 अक्टूबर को 3,51,000 रूपए अपने बैंक अकाउंट एचडीएफसी बैंक शाखा कटनी जबलपुर से कंपनी ट्रांसकेट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इंदौर के खाता पर किया था। कंपनी के अतुल पाल एवं राम साहू के द्वारा द्वारा बुक किया गया माल 7 दिवस के अंदर डिलेवर कराने के लिए कहा गया था किन्तु आज दिनांक तक न 900 पेटी लाईबाय साबुन डिलेवर कराया गया न ही 15,79,500 रूपए वापस किये गये है ।

स्कूटी की टक्कर से वृद्ध की मौत

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत सूखा में स्कूटी की टक्कर से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां बीती रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नितिन चड़ार पिता हमेश चड़ार 23 वर्ष निवासी सरकारी स्कूल के पीछे ग्राम सूखा माढोताल ने बताया कि गत शाम करीब 6 बजे मकुंदी लाल चड़ार अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसबी 8516 से अपने काम से ग्राम टिमरी से अपने घर सूखा आते समय ग्राम सूखा में सरकारी स्कूल के आगे देव दूध डेरी के सामने पीछे तरफ से आ रही एक सफेद रंग की स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसडब्ल्यू 2631 के चालक ने पीछे से लापरवाही पूर्वक काफी तेजी से आकर जोर से टक्कर मार दिया जिससे मकुंदी लाल चडार गाडी सहित गिर गये जिससे उनको सिर में पीछे, दाहनी आँख में व दाहने पैर की पिंडली में चोट लगी व दोनों हाथों में चोट आयी है जिन्हें मेडिकल कॉलेज गए जहां जहाँ इलाज के दौरान बीती रात करीब 9 बजे मकुंदी लाल चड़ार पिता सोहन लाल चड़ार 56 वर्ष निवासी ग्राम सूखा की मौत हो गई।

आखिरकार मदन महल अंडर ब्रिज में भर ही गया पानी!

धरे रह गए साफ सफाई होने के दावे

जबलपुर, नवभारत। मदन महल अंडर ब्रिज में पानी भरने की समस्या शहर के लिए मुसीबत बनती जा रही है। खासकर बारिश के मौसम में। हाल ही में हुई बारिश के कारण इस अंडर ब्रिज में पानी भर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। राहगीरों को शास्त्री ब्रिज होकर मदन महल की तरफ जाना पड़ा। नगर प्रशासन द्वारा बरसात के पहले नालों की सफाई किए जाने के खूब दावे किए जा रहे थे।

परंतु हकीकत कुछ और ही दिखाई दे रही है। जल भराव का एक और सबसे बड़ा कारण अंडर ब्रिज की डिज़ाइन भी है। मदन महल अंडर ब्रिज की डिज़ाइन इस तरह की नहीं है कि वह पानी को आसानी से निकाल सके।

दूसरे क्षेत्रों के भी हाल बेहाल

मदन महल अंडर ब्रिज में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अंडरब्रिज में पानी भरने से लोगों को शास्त्री ब्रिज होकर मदन महल की तरफ जाना पड़ता है। यही नहीं अंधेरा पुल के नीचे भी पानी भरने से राहगीरों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण शहीद स्मारक के मैदानों में भी जलभराव देखने को मिला। नगर प्रशासन ने अभी तक इन जगहों से पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की है।

12 ठेले- टपरे सहित एक छोटा हाथी वाहन जप्त

नवभारत,जबलपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने नगर निगम के अतिक्रमण शाखा तथा यातायात पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी। इस संबंध में अतिक्रमण विभाग के प्रभारी अधिकारी मनीष तड़से और सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया ने बताया कि शुक्रवार को रेलवे स्टेशन प्लेटफ़ॉर्म नंबर 6 से लेकर इंदिरा मार्केट से होते हुए डिलाइट चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए 12 ठेले-टपरे, कैरेट एवं टेबल जब्त की गई, इसके साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस द्वारा 1 छोटा हाथी भी जब्त किया और 4 कारों के स्पॉट फाइन लगाया गया।

संदिग्ध मौत, पुलिस ने रूकवाया दाह संस्कार

जबलपुर। अधारताल निवासी कृष्णा सोमी 55 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद दाह संस्कार करने के लिये शव को शमशान घाट सुहागी ले जाया गया जब इसकी जानकारी परिजनों को लगी तो वे जबलपुर पहुंचे और मौत पर शक जाहिर करते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मुक्तिधाम पहुंच गई और अंतिम संस्कार रूकवाते हुए मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा। आज मृतक का पीएम होगा। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा जिसकेबाद आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस के मुताबिक हेमन्त सोमी 27 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला पचकुईया आगरा शाहगंज उत्तरप्रदेश ने सूचना दी कि वह आगरा से अपनी बहन उपासना के यहां लगभग 8 वर्ष से रह रहा है उसके पिता बुआ पुष्पा पिल्ले के साथ हाउसिंग बोर्ड पुरानी टंकी के पास रहते थे। गाड़ी करके जबलपुर शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे आकर देखा तो उसके पिता कृष्णा सोमी 55 वर्ष निवासी अधारताल की मौत हो गयी थी उसके दादा मुन्ना सोमी एवं उनकी बेटी पदमनी पिल्ले थे उसकी बहनें दोपहर लगभग 2-30 बजे आगरा से घर आयी फिर पिता को दाह संस्कार करने के लिये शमशान घाट सुहागी ले गये उसे पिता की मौत पर शक है

श्री धनुष यज्ञ रामलीला मैदान में राम भक्तों ने भरी हुंकार

निर्णय नहीं तो मंगलवार को सदर बंद, कैंट कार्यालय का घेराव एवं सीई ओ के घर के सामने हल्ला बोल

जबलपुर। कैंट बोर्ड द्वारा जो शिवाजी ग्राउंड में होते आ रहे धार्मिक आयोजन रामलीला पर 50000 दिन का एवं दंगल पर 3000 प्रतिदिन का शुल्क लगा दिया इसके बाद में 5100 रामलीला समिति का एवं 3000 प्रतिदिन दंगल का कर दिया जबकि 150 वर्षों से अधिक से होते आ रहे कार्यक्रम जो की निशुल्क होते थे कैंटोनमेंट बोर्ड के तानाशाही पूर्ण आदेश पूरे सदर बाजार की धर्मप्रेमी जनता में आक्रोश है इस विषय को लेकर शुक्रवार को श्री धनुष यज्ञ रामलीला मैदान सदर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सभी राजनीतिक दल, धार्मिक संगठन कार्यकर्ता, दुर्गा उत्सव गणेश उत्सव सदर बाजार की सभी सामाजिक समितियो के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे जिसमें अभिषेक चौकसे एवं प्रणव अवस्थी ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत से मीटिंग कर उनसे शिवाजी ग्राउंड के विषय में समस्त जानकारी दी गई तदुपरान्त लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत साहब ने सोमवार तक केंट बोर्ड सीईओ एवं कैंट बोर्ड अध्यक्ष से शिवाजी ग्राउंड निशुल्क करने के लिए एवं पूर्व की भांति शिवाजी ग्राउंड में दशहरा एवं दंगल की पूर्ण व्यवस्था करने बातचीत करने आश्वासन दिया है अगर सोमवार तक निर्णय नहीं होता है तो पूरे राम भक्तों ने सदर बाजार बंद एवं कैंट बोर्ड कार्यालय का घेराव उसके बाद शाम को 5 बजे से रात्रि कालीन सुबह तक सीईओ के घर के सामने हल्ला बोल आंदोलन किया जायेगा इस अवसर पर जगद्गुरु राजा रामाचार्य जी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा, मुन्ना चंसोरिया बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कन्हैया तिवारी विश्व हिंदू परिषद के रोहित हवेल, रोहित ठाकुर, मां सीता प्रसाद रोटी ग्रुप के विजय यादव भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रतिनिधि संजय जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय कपूर एवं श्री धनुष यज्ञ रामलीला समिति के अध्यक्ष सीताराम कुरचानिया सचिव मधुर तिवारी, प्रमेश सोनी, गंगा प्रसाद तिवारी वाजपेई अखाड़ा के अध्यक्ष नरेश तिवारी मनु मिश्रा, मनोहर अग्निहोत्री आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पवित्र माह में मंदिरों में चोरी श्रद्धालुओं में आक्रोश

जबलपुर। सवान का पवित्र माह शुरू हो गया है। इस बीच बेखौफ चोरों ने कोतवाली और लार्डगंज थाना क्षेत्र मंदिरों में धावा बोलते हुए चोरियों की वारदातों को अंजाम दिया। सुबह जब चोरी की वारदातों की खबर पुजारियों और श्रद्धालुओं को लगी तो आक्रोश भड़क गया। जानकारी के दीक्षित पुरा क्षेत्र में हनुमत सरकार मंदिर है। मंदिर के पट रात को 10 बजे बंद होते है जहां चोरों ने धावा बोलते हुए दानपेटी पार कर दी। इसी प्रकार पांडे चौक स्थित दुर्गा मंदिर का ताला तोड़कर चोर दान पेटी, चांदी का छत्र समेत अन्य सामान ले गए।

सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के कारण हो गये गड्ढे

मॉडल रोड का पूजन करके कांग्रेसियों ने दिखाया भाजपा को आईना

नवभारत,जबलपुर। कांग्रेसियों ने शुक्रवार को तीन पत्ती चौक के पास मॉडल रोड का पूजन करके भाजपा की पोल खोली और साथ ही भाजपा के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के बयान को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि मॉडल रोड का निर्माण तत्कालीन कांग्रेस महापौर स्वर्गीय विश्वनाथ दुबे ने कराया था जो आज भी गड्ढा मुक्त है वहीं भाजपा के 20 साल के शासन में शहर की अधिकांश सड़कों में गड्ढे देखे जा सकते हैं। विदित हो कि गत दिवस पहले लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा बयान दिया गया था कि जब तक सड़क रहेंगीं तब तक गड्ढे भी रहेंगे। इस बयान की कांग्रेसियों ने तीखी निंदा की और कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में बनाई गई मॉडल रोड में एक भी गड्ढा आज तक नहीं हुआ है। नगर अध्यक्ष शर्मा ने ये भी कहा भाजपा के मंत्री, जिम्मेदार कम से कम जनहित से जुड़े मामलों में कमीशनबाजी न करें क्योकि सड़क निर्माण में जिम्मेदारी की मिलीभगत से बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे आज भी मौजूद हैं। कांग्रेसियों की माने तो यह कार्यक्रम सिर्फ एक पूजन नहीं था, बल्कि यह भाजपा सरकार को आईना दिखाने का प्रतीक था कि ईमानदार नीयत और जनसेवा की भावना से बनाया गया काम समय की कसौटी पर खरा उतरता है। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, कमलेश यादव, सतीश तिवारी,अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, वकील अंसारी, कलीम खान, राकेश पांडे,प्रमोद पटेल, मुकेश राठौर, राजेश सोनकर, विवेक अवस्थी, प्रशांत मिश्रा ,रज्जू सराफ, मिस्टर जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।